हरियाणा स्टेट कैम्पा के तहत 239.78 करोड़ रुपए के वार्षिक कार्य योजना को दी गई स्वीकृति

चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में हुई हरियाणा स्टेट कंपेंसेटरी अफोरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी की 6वीं स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में कंपेंसेटरी अफोरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (कैम्पा) के तहत 239.78 करोड़ रुपए के वार्षिक कार्य योजना को स्वीकृति दी।

प्रमुख बिंदु

- वर्ष 2023-24 के दौरान 1,197.73 हेक्टेयर क्षेत्र में कंपेंसेटरी अफोरेस्टेशन, अतिरिक्त कंपेंसेटरी अफोरेस्टेशन और पेनल कंपेंसेटरी अफोरेस्टेशन के लिये 111.58 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।
- विदित है कि राज्य के उत्तरी भाग में स्थित शिवालिक पहाड़ी क्षेत्र और दक्षिणी भाग में स्थित अरावली पहाड़ी क्षेत्र ढलानदार भू-रचना के कारण भूमि कटाव के लिये बहुत अधिक प्रवर्तनशील और प्रवाहशील हैं।
- राज्य सरकार ने शिवालिक और अरावली पहाड़ी क्षेत्र में मिट्टी के बहाव को रोकने के लिये मिट्टी संरक्षण के उपाय किये हैं। इसके लिये 20 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है।
- इसके अलावा, वन्य प्राणी प्रबंधन योजना 2023-24 के तहत संरक्षित क्षेत्रों में आवास सुधार एवं संरचना विकास के लिये 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।
- राज्य वन्यजीव विंग के माध्यम से 2 राष्ट्रीय उद्यान, 7 वन्यजीव अभयारण्य, 2 संरक्षण रिज़र्व और 5 सामुदायिक रिज़र्व का प्रावधान किया गया है।
- इसके अतिरिक्त, 20 क्षेत्रीय वन मंडलों में वृक्षों की गणना के लिये 12.87 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो राज्य में पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-given-to-annual-work-plan-of-rs-239-78-crore-under-haryana-state-campa